*एफ.संख्या. एस-एस.13/11/2025-भर्ती*
दिनांक: 07 सितम्बर, 2026

भारत सरकार
कर्मचारी चयन आयोग (पूर्बी क्षेत्र)
कार्मिक लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय
निजाम पैलेस, प्रथम एमएसओ भवन (8वां तल)
234/4, एजेसी बोस रोड, कोलकाता -700020

**Government of India**
**Staff Selection Commission (ER)**
**Ministry of Personnel, Public Grievances & Pensions, Nizam Palace, 1st M.S.O. Building (8th Floor), 234/4, A.J.C. Bose Road, Kolkata – 700020**

## <u>सूचना</u>

विषय: चरण-XIII/2025/चयन पद के अंतर्गत पद श्रेणी ER11125 के केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में रेडियोग्राफर के पद हेतु भर्ती के संबंध में अभ्यर्थियों की अंतिम अनिवार्य शैक्षिक योग्यता सूची; कुल 01 रिक्ति (01-अनारक्षित), वेतन स्तर-05, समूह 'सी' (गैर-तकनीकी) – संबंधी।

विज्ञापन सूचना में उल्लिखित आवश्यक शैक्षणिक योग्यता तथा भर्ती से संबंधित अन्य प्रासंगिक नियम एवं शर्तों के आधार पर, चरण-XIII/2025/चयन पद के अंतर्गत पद श्रेणी संख्या ER11125 के माध्यम से विज्ञापित केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में रेडियोग्राफर पद के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा में अनंतिम रूप से अर्ह पाए गए अभ्यर्थियों के आवेदन-पत्रों एवं उनके द्वारा प्रस्तुत सहायक दस्तावेजों की जांच की गई। उक्त जांच के उपरांत अभ्यर्थियों की प्रारंभिक संवीक्षा स्थिति दिनांक 05.08.2026 को कर्मचारी चयन आयोग (पूर्वी क्षेत्र) की वेबसाइट पर अपलोड की गई तथा अभ्यर्थियों को उनकी अनर्हता/अस्वीकृति के आधार के संबंध में, यदि कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत करना हो, तो उसे दिनांक 15.08.2026 को रात्रि 11:00 बजे (23:00 घंटे) तक प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया गया। निर्धारित अवधि के भीतर उपयोगकर्ता विभाग अथवा अभ्यर्थियों की ओर से कोई अभ्यावेदन प्राप्त नहीं हुआ। अतः मामले पर समुचित विचार करने के उपरांत किसी भी अभ्यर्थी को अंतिम अनिवार्य शैक्षिक योग्यता सूची में शामिल किए जाने हेतु पात्र नहीं पाया गया।

आदेशानुसार
क्षेत्रीय निदेशक
कर्मचारी चयन आयोग (पूर्वी क्षेत्र)